दिन– शनिवार | दिनांक– 14 / 02 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। | अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पुलवामा शहीदों को दी श्रद्धांजलि। कहा– आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति से नहीं किया जायेगा समझौता।

02 मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्य की बंद चीनी मिलों को जल्द शुरू करने का दिया निर्देश।

03. केन्द्रीय मंत्री जीतनराम मांझी ने कहा– सरकार छोटे उद्यमियों को वैश्विक बाजार उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध।

04. और, जमुई में आज से दो दिवसीय दंगल प्रतियोगिता शुरू। एक सौ छियासी पहलवान हो रहे हैं शामिल।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति से कोई समझौता नहीं करेगा। गुवाहाटी में एक कार्यक्रम में श्री मोदी ने पुलवामा शहीदों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से पूरी दुनिया के सामने अपनी सैन्य क्षमता का उदाहरण पेश किया है।

–––बाइट–––

श्री मोदी ने कांग्रेस पर आतंकी गतिविधियों में शामिल लोगों को संरक्षण देने का आरोप लगाया।

–––बाइट–––

---

सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि कल साउथ ब्लॉक में मंत्रिमंडल की अंतिम बैठक हुई थी। नई दिल्ली में संवाददाताओं को संबोधित करते हुए श्री वैष्णव ने कहा कि अब मंत्रिमंडल की बैठकें सेवा तीर्थ में होंगी।

–––बाइट–––

सेवा तीर्थ में सारी कैबिनेट होंगी, कल इस अवसर पर कैबिनेट में एक रेजोल्यूशन पास हुआ है। 13 फरवरी 2026 को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा नया प्रधानमंत्री कार्यालय जिसे अब सेवा तीर्थ के नाम से जाना जाएगा राष्ट्र को समर्पित किया गया है। यह केवल स्थान परिवर्तन का क्षण नहीं है, यह इतिहास और भविष्य के संगम के भी पल हैं।

श्री वैष्णव ने बताया कि मंत्रिमंडल ने एक लाख करोड़ रुपये की केंद्रीय सहायता के साथ अर्बन चैलेंज फंड के शुभारंभ को मंजूरी दी है।

———बाइट———

श्री नरेन्द्र मोदी जी ने कैबिनेट में अर्बन चौलेंज फंड को स्वीकृति दी है। यह 1,00,000 करोड़ रूपीस का प्रोजेक्ट है। इसमें बहुत इन्नोवेटिव एक मेथड लगाया जाएगा। इस एक लाख करोड़ के सरकार के इन्वेस्टमेंट से टोटल चार लाख करोड रुपए का इन्वेस्टमेंट आएगा अर्बन एरियाज के लिए। अर्बन प्रॉब्लम्स को सॉल्व करने के लिए इसमें इनकरेज किया जाएगा । टेक्नोलॉजी का बहुत यूज किया जाएगा। टेक्नोलॉजी के माध्यम से अर्बन चौलेंजेज को कैसे दूर करें वह बहुत इसमें ध्यान रखा जाएगा।

केन्द्रीय मंत्री ने बताया कि भारत के बढ़ते स्टार्टअप इकोसिस्टम को एक बड़ा प्रोत्साहन देते हुए मंत्रिमंडल ने स्टार्टअप इंडिया फंड ऑफ फंड्स के दूसरे चरण की स्थापना को मंजूरी दे दी है।

———बाइट———

आप देख रहे हैं इंडिया में स्टार्टअप्स मात्र 300, 400 से 2 लाख से ज्यादा अभी स्टार्टअप हो चुके हैं। और सौ से ज्यादा यूनिकॉर्न्स हैं। स्टार्टअप्स अपने आप में वो एक डेप्थ, वो एक टेक्निकल एक्सपर्टीज क्रिएट हो रही है, जिससे कि डीप टेक की तरफ जा रहे हैं । स्टार्ट अप इंडिया फंड आफ फंड्स 2.0 इसमें 10000 करोड़ रूपीस का गवर्नमेंट की तरफ से फंड रहेगा साथ में बहुत सारे फंड्स इसके साथ जुड़ेंगे।

———————————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा है कि राज्य की बंद चीनी मिलें जल्द शुरू होंगी। साथ ही नई चीनी मिलें भी खोली जायेंगी। सात निश्चय तीन के तहत समृद्ध उद्योग सशक्त बिहार पहल की समीक्षा के दौरान उन्होंने अधिकारियों को इस संबंध में दिशा निर्देश दिए। श्री कुमार ने कहा कि चीनी मिलों के खुलने से किसानों को फायदा होगा और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।

———————————————————————————————

संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा है कि उद्योगों का विकास और युवाओं को रोजगार देना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। पटना में संवाददाताओं से

बातचीत में श्री चौधरी ने कहा कि सरकार बंद चीनी मिलों को खोलेगी और नई मिलों की स्थापना करेगी।

———बाइट———

———————————————————————————————

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री जीतनराम मांझी ने कहा है कि सरकार छोटे उद्यमियों को वैश्विक बाजार उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। श्री मांझी आज गयाजी के मानपुर स्थित कृषि विज्ञान केन्द्र में खरीद और विपणन सहायता पर आधारित राष्ट्रीय कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय बजट में एमएसएमई क्षेत्र के लिए कई घोषणाएं की गई हैं। श्री मांझी ने कहा कि आज एमएसएमई क्षेत्र कृषि के बाद सबसे बड़ा रोजगार प्रदाता है। उन्होंने कहा कि उनका मंत्रालय ओपेन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स जैसे प्लेटफॉर्म के माध्यम से वैश्विक बाजारों तक सीधी पहुंच बना रहा है। समारोह को विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर प्रेम कुमार ने भी संबोधित किया।

———————————————————————————————

उपमुख्यमंत्री सह राजस्व और भूमि सुधार मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने भूमि विवादों को समाप्त करने की प्रतिबद्धता दोहराई है। पटना में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि भू माफिया के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी।

———बाइट———

———————————————————————————————

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन आज दो दिवसीय दौरे पर पटना पहुंचे। हवाई अड्डे पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा समेत पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं ने उनका स्वागत किया। श्री नवीन कल पटना के खाजपुरा शिव मंदिर में आयोजित शिवरात्रि महोत्सव में शामिल होंगे।

———————————————————————————————

महाशिवरात्रि का त्योहार कल मनाया जायेगा। महाशिवरात्रि को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने के लिए पुलिस प्रशासन की ओर से पुख्ता इंतजाम किये गए हैं। जिला मुख्यालयों से हमारे संवाददाताओं ने बताया कि संवदेनशील इलाकों में पुलिस ने फ्लैग मार्च किया। पटना के ट्रैफिक एसपी सागर कुमार ने बताया कि कल पटना की यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है।

---बाइट---

विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार ने महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज राजगीर में मलमास मेले की तैयारियों की समीक्षा की। श्री कुमार ने इस दौरान गंगा जी राजगीर जलाशय, रोप-वे, ब्रह्मकुंड परिसर सहित अन्य पर्यटक स्थलों के सौंदर्यीकरण कार्यों का भी निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। राजगीर मलमास मेले का आयोजन मई महीने में होगा।

---

जमुई के एस.के. सिंह मेमोरियल स्टेडियम में आज से माटी का बल-दंगल प्रतियोगिता की शुरूआत हुई। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और खेल मंत्री श्रेयसी सिंह ने प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण और बिहार कुश्ती संघ के तत्वावधान में यह प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। बिहार की पारंपरिक कुश्ती-मल युद्ध पर आधारित इस प्रतियोगिता में एक सौ छियासी पुरूष और महिला खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता का समापन कल होगा। सर्वश्रेष्ठ पहलवान को बहत्तर साल पुराना चांदी का गदा प्रदान किया जायेगा।

पटना के पाटलिपुत्र खेल परिसर में आज से दो दिवसीय राज्य स्तरीय दिव्यांग खेल प्रतियोगिता की शुरूआत हुई। इस प्रतियोगिता में सभी प्रमंडलों के सात सौ बीस खिलाड़ी शामिल हो रहे हैं।

———————————————————————————————————

बिहार क्रिकेट एसोसिएशन ने रणजी ट्रॉफी, विजय हजारे ट्रॉफी और कर्नल सी. के. नाइडू ट्रॉफी में प्रतिभागिता करने वाले खिलाड़ियों, कोच, मैनेजर और सपोर्ट स्टॉफ को सम्मानित किया है। पटना में आयोजित सम्मान समारोह में छप्पन खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। इन खिलाड़ियों में वैभव सूर्यवंशी भी शामिल हैं। हालांकि वे खुद सम्मान ग्रहण करने नही आ सके।

———————————————————————————————————

पूर्णियां जिले के चंपानगर के रघुनाथपुर नहर के पास एक अनियंत्रित ट्रक ने ई–रिक्शा में टक्कर मार दी। इस हादसे में पिता–पुत्र समेत तीन लोगों की मौत हो गई। जबकि तीन अन्य घायल हो गए। घायलों का जीएमसीएच में इलाज चल रहा है।

अररिया जिले के फुलकाहा थाना क्षेत्र के मानिकपुर गांव में मक्के की एक खेत में पुलिस ने छापेमारी कर भारी मात्रा में नेपाली शराब बरामद की है।

———————————————————————————————————

खगड़िया नगर थाना क्षेत्र के सोनवर्षा मथुरापुर गांव में पिछले दिनों हुई गोलीबारी की घटना में पुलिस ने एक अपराधी को हथियारों के साथ गिरफ्तार किया है।

———————————————————————————————————

मुजफ्फरपुर जिले के अलग–अलग थाना क्षेत्रों में पुलिस ने अभियान चलाकर मादक पदार्थो की तस्करी और बिक्री में शामिल छह अपराधियों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————————————————

मधुबनी नगर थाना क्षेत्र से पुलिस ने एक व्यापारी से रंगदारी मांगने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————————————

सीवान पुलिस ने कुख्यात भू माफिया जीवन यादव को गिरफ्तार कर लिया है। उसके खिलाफ विभिन्न थानों में नौ मामले दर्ज हैं।

———————————————————————————————

सारण पुलिस ने ऑर्केस्ट्रा में काम कर रही पन्द्रह नाबालिग लड़कियों को मुक्त कराया है। इस मामले में सात लोगों की गिरफ्तारी हुई है।

———————————————————————————————

पन्द्रह फरवरी उन्नीस सौ बत्तीस को मुंगेर के तारापुर थाना में तिरंगा फहराने के दौरान शहीद स्वतंत्रता सेनानियों और पुलवामा शहीदों के सम्मान में आज असरगंज में तिरंगा यात्रा निकाली गई। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की ओर से तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया था।

———————————————————————————————

सुपौल के वीरपुर में पुलवामा शहीदों को श्रद्धांजलि देने के लिए एसएसबी की ओर से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

———————————————————————————————

पूर्णियां जिला आज अपना दो सौ छप्पनवां स्थापना दिवस और पुरेनिया महोत्सव मना रहा है। इस अवसर पर जिला प्रशासन की ओर से कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

———————————————————————————————

अरवल जिले के कुर्था प्रखंड में कला संस्कृति विभाग और जिला प्रशासन की ओर से लारी महोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कई सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए।

---

उर्दू भाषा और साहित्य को बढ़ावा देने तथा इसके प्रचार–प्रसार के लिए उर्दू निदेशालय की ओर से आज औरंगाबाद, शेखपुरा, मधेपुरा समेत कई जिलों में फरोग–ए–उर्दू सेमिनार और मुशायरा का आयोजन किया गया।

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पुलवामा शहीदों को दी श्रद्धांजलि। कहा– आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति से नहीं किया जायेगा समझौता।

02 मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्य की बंद चीनी मिलों को जल्द शुरू करने का दिया निर्देश।

03. केन्द्रीय मंत्री जीतनराम मांझी ने कहा– सरकार छोटे उद्यमियों को वैश्विक बाजार उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध।

04. और, जमुई में आज से दो दिवसीय दंगल प्रतियोगिता शुरू। एक सौ छियासी पहलवान हो रहे हैं शामिल।

---

**समाप्त**